
संविदा कर्मियों को आउटसोर्स सेवा निगम में शामिल करने की मांग को लेकर 10 को होगा प्रदर्शन



25 नवंबर को प्रदेश के सभी जिलों में एकदिवसीय सत्याग्रह, मांगें पूरी न होने पर प्रदेशव्यापी कार्य बहिष्कार की चेतावनी

लखनऊ। विद्युत संविदा मजदूर संगठन उप्र की कार्यकारिणी बैठक रविवार को नरही स्थित केंद्रीय कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष नवल किशोर सक्सेना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के प्रमुख पदाधिकारी पुनीत राय, जितेंद्र कुमार, आशीष कुमार, राजीव रंजन राय, मोहम्मद सरफराज, राजेश्वर सिंह, सुनील गोस्वामी, संजय सिंह, आनंद सिंह, विमल सिंह, अंकित अस्थाना, अरविंद कुमार, मनीष पाल, राजू अंबेडकर मौजूद रहे। इस अवसर पर पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन द्वारा ऊर्जा निगमों में कार्यरत संविदा कर्मियों को आउटसोर्स सेवा निगम में शामिल न किए जाने की संस्तुति किए जाने की बैठक में निंदा की गई। बैठक मे निर्णय लिया गया कि आंदोलन के प्रथम चरण में 25 नवंबर 2026 को प्रदेश के सभी जिलों में एकदिवसीय सत्याग्रह किए जाने के बाद 10 दिसंबर 2026 को शक्ति भवन, लखनऊ पर विशाल रैली आयोजित की जाएगी। संगठन द्वारा संविदा श्रमिकों को न्यूनतम 22,000 तथा एसएसओ एवं लाइनमैन को 25,000 प्रतिमाह वेतन दिए जाने और संविदा कर्मियों की सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष किए जाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई है॥ बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ मजदूर नेता आर.एस. राय ने प्रदेश के समस्त संविदा कर्मियों से अपने अधिकारों एवं भविष्य की सुरक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष में शामिल होने की अपील की। उन्होंने राज्य सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि ऊर्जा निगमों के संविदा कर्मियों को आउटसोर्स सेवा निगम में शामिल करने का शासनादेश जारी नहीं किया गया, तो 10 दिसंबर की रैली के बाद प्रदेशव्यापी कार्य बहिष्कार जैसे कठोर आंदोलनात्मक कदम उठाने पर संगठन बाध्य होगा।

पार्टी की मजबूत किलेबंदी से ही मिलती है विजय अभियान को गति- पंकज चौधरी



लखनऊ,(आज समाचार सेवा)। भारतीय जनता पार्टी का सांगठनिक अनुशासन और कैडर बेस कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है और आगामी विधानसभा चुनाव में भी यही जीत का आधार होगा। यह बात आज प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कही। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद एमएलसी चुनाव-2026 के नतीजों ने यह साबित कर दिया है कि तमाम राजनीतिक सरगर्मी और कड़े मुकाबलों के बीच भारतीय जनता पार्टी का सांगठनिक अनुशासन और कैडर बेस किस तरह प्रभावी साबित होता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष जिस प्रकार की अफवाहें समाज में फैलायी गयीं उसके बावजूद समाज के प्रबुद्ध और शिक्षित वर्ग द्वारा एमएलसी चुनाव में भाजपा के पक्ष में दिया गया और जीत दिलायी उससे यह स्पष्ट है कि 2027 के आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा पहले से मजबूर होकर उभरेगी। उन्होंने कहा कि विधान परिषद की ये 11 सीटें मुख्यत: शिक्षक और स्नातक क्षेत्रों से जुड़ी थीं, जहां मतदाता बेहद जागरूक और शिक्षित वर्ग से आते हैं। ऐसे में केवल चुनावी नारे नहीं, बल्कि बूथ स्तर का नेटवर्क और व्यक्तिगत संपर्क काम आता है। सूक्ष्म निगरानी मतदाता पंजीकरण से लेकर मतदान के दिन तक हर चरण की निरंतर समीक्षा की गई।

खराब मौसम के कारण काठमांडू की फ्लाइट लखनऊ उतरी

लखनऊ,। काठमांडू में खराब मौसम के कारण दिल्ली से वहां जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट को रविवार सुबह लखनऊ उतारना पड़ा। बाद में विमान यात्रियों सहित दिल्ली लौट गया। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, रविवार सुबह काठमांडू में मौसम खराब होने से विमान संचालन में दिक्कत आई। दिल्ली से सुबह 7.04 बजे रवाना हुई फ्लाइट एआई-213 काठमांडू एयरपोर्ट पर नहीं उतर सकी। विमान को लखनऊ डायवर्ट किया गया और सुबह 10.04 बजे लखनऊ इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा गया। काठमांडू का मौसम काफी देर तक ठीक नहीं हुआ। इसके बाद लखनऊ एयरपोर्ट पर जरूरी प्रक्रिया पूरी कर काठमांडू की उड़ान रद्द कर दी गई।

ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे को लेकर सपाइयों ने किया विरोध प्रदर्शन



लखनऊ। राजधानी लखनऊ में रविवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। हजरतगंज चौराहे पर जुटे कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और आजम खान की रिहाई की मांग को लेकर नारेबाजी की। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच नोकझोंक और धक्का-मुक्की हुई। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने प्रदर्शनकारियों को उठाकर वैन में बैठाया और इको गार्डन ले गए। कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर अभद्रता करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ज्ञानेश कुमार ने लोकतंत्र की हत्या की है। प्रदर्शन कर रहे गणेश ने कहा कि ज्ञानेश कुमार ने लोकतंत्र की हत्या की है। जब तक उनका इस्तीफा नहीं हो जाएगा, हम लोग सड़क पर रहेंगे। 35 करोड़ से ज्यादा वोट चोरी करके अलग-अलग राज्यों और केंद्र में भाजपा की सरकार बनवाने में मुख्य चुनाव आयुक्त ने मदद की है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और उनके इशारे पर पूरा चुनाव आयोग भाजपा के लिए काम कर रहा है। हम किसी भी कीमत पर इस बार ऐसा नहीं होने देंगे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि चुनाव आयोग मर चुका है, भाजपा का पिट्ठू बन चुका है लगातार बेईमानी करवा रहा है। इन लोगों ने पहले बिहार और पश्चिम बंगाल लूटा अब उत्तर प्रदेश को लूटने की तैयारी कर रहे हैं। ज्ञानेश कुमार को हटाए बिना यूपी में चुनाव नहीं होगा इन्होंने लोकतंत्र को बेहद कमजोर करने का काम किया है। प्रदर्शन कर रहे आशीष ने कहा कि हमारे नेता अखिलेश यादव लंबे समय से वोट चोरी का मुद्दा उठा रहे हैं। हमने कई बार वोट चोरी का साक्ष्य भी दिया फिर भी चुनाव आयोग ने इसका संज्ञान नहीं लिया। अब जिस तरह से एक अंग्रेजी अखबार ने इस पूरे चुनाव आयोग के चेहरे को बेनकाब किया है।

दुकान से डेढ़ लाख रुपये उड़ाने वाला कर्मचारी गिरफ्तार

लखनऊ। पीजीआई थाना क्षेत्र में दुकान के गल्ले से करीब डेढ़ लाख रुपये चोरी करने के मामले में पुलिस ने दुकान के ही एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान प्रिंस गुप्ता निवासी नीलमथा, थाना कैंट के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की रकम में से 34,210 रुपये और तलाशी के दौरान एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोतरी करते हुए विधिक कार्रवाई की और उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया।पुलिस के मुताबिक, बीते 26 अक्टूबर को दुकानदार दमन दीप सिंह पुत्र सरबजीत सिंह ने पीजीआई थाने में तहरीर देकर चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनकी दुकान पर काम करने वाला कर्मचारी प्रिंस गुप्ता गल्ले में रखी नकदी निकालकर ले गया है। दुकान के गल्ले से करीब डेढ़ लाख रुपये गायब होने की जानकारी मिलने के बाद मामले की शिकायत पुलिस से की गई थी। शिकायत के आधार पर पीजीआई पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपी कर्मचारी की तलाश और चोरी की घटना का खुलासा करने के लिए कार्रवाई तेज की।मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमें गठित की गई थीं।

सहकार भारती का प्रदेश महिला सम्मेलन सम्पन्न



लखनऊ। सहकार भारती उत्तर प्रदेश की ओर से प्रदेश महिला सम्मेलन चौधरी चरण सिंह सभागार विधानसभा मार्ग में आयोजित किया गया। सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आईं महिला प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान करीब 25 स्वयं सहायता समूहों की ओर से तैयार किए गए उत्पादों के स्टाल भी लगाये गये। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार प्रतिभा शुक्ला ने मां भारती और सहकार भारती के संस्थापक लक्ष्मणराव इनामदार के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।मुख्य अतिथि प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि कोई काम छोटा नहीं होता, हर काम की शुरुआत छोटे स्तर से ही होती है। महिलाओं को परिवार में संस्कार का वातावरण बनाते हुए स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कुपोषण के खिलाफ कई योजनाएं चला रही है। इनमें प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आयुष्मान योजना, बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना और कौशल विकास जैसी योजनाएं शामिल हैं।

बंथरा में नशे के सौदागर का नया हथकंडा

बच्चों के हाथों में थमा दी नशे की पुड़िया

बंथरा। जिन नन्हे हाथों में किताबें और कलम होनी चाहिए, जिनके कंधों पर देश का भविष्य संवारने की जिम्मेदारी होगी, उन्हीं हाथों में नशे के सौदागर चरस, गांजा, स्मैक और अफीम की पुड़िया थमाने में जुटे हैं। आरोप है कि नशे के कारोबार से जुड़े लोग पुलिस की नजरों से बचने के लिए छोटे-छोटे बच्चों को अपना मोहरा बना रहे हैं। चंद रुपयों के लालच में बचपन को नशे के इस काले कारोबार में धकेला जा रहा है। बंथरा कस्बे में नशे के कारोबार को लेकर सामने आ रही चर्चाएं बेहद चिंताजनक हैं। बताया जा रहा है कि गुल्ली-डंडा खेलने और गलियों में घूमने की उम्र के कई बच्चे कथित तौर पर नशीले पदार्थों की पुड़िया पहुंचाने और बेचने के काम में लगाए जा रहे हैं। बच्चों पर किसी को शक न होने का फायदा उठाकर नशे के कारोबारी अपना धंधा आगे बढ़ा रहे हैं। आरोप है कि दिनभर बिक्री कराने के बाद शाम को बच्चों से हिसाब लिया जाता है और बदले में उन्हें कुछ रुपये देकर खुश कर दिया जाता है।स्थानीय सूत्रों के

> ***खेल-कूद और पढ़ाई की उम्र में नशे के कारोबार में धकेले जा रहे मासूम, चंद रुपयों के लालच में बन रहे माफिया के मोहरे***

मुताबिक रविवार और बुधवार को लगने वाले बाजार के दिनों में नशीले पदार्थों की बिक्री कथित तौर पर अधिक होती है। इन दिनों आसपास के गांवों और दूरदराज के इलाकों से बड़ी संख्या में लोग बाजार पहुंचते हैं। भीड़ का फायदा उठाकर नशे के सौदागर अपने नेटवर्क को सक्रिय रखते हैं। इतना ही नहीं, कुछ बच्चों से मोबाइल फोन और अन्य सामान चोरी कराने के आरोप भी सामने आ रहे हैं। बाजार में जरा सी लापरवाही होते ही लोगों की जेब और हाथ से मोबाइल गायब होने की शिकायतें मिलती रही हैं।स्थानीय लोगों का आरोप है कि नशे और चोरी की घटनाओं को लेकर कई बार थाने में शिकायतें की गईं, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी है। वहीं, कुछ सूत्रों ने पुलिसकर्मियों पर नशे के कारोबारियों से कथित वसूली किए जाने के गंभीर आरोप भी लगाए हैं।सबसे गंभीर सवाल यह है कि यदि मासूम बच्चों को नशे के कारोबार में इस्तेमाल किया जा रहा है तो उनके भविष्य और सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन उठाएगा? आखिर कस्बे में नशे का यह नेटवर्क किसके संरक्षण में फल-फूल रहा है? स्थानीय लोगों ने पुलिस के उच्चाधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, नशे के सौदागर पर कठोर कार्रवाई करने और बच्चों को इस दलदल से बाहर निकालने की मांग की है।

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर मिला महिला का छत विक्षत शव

गोसाईगंज लखनऊ। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर रविवार देर रात एक अज्ञात महिला का क्षत-विक्षत शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही गोसाईगंज पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। महिला की उम्र करीब 45 वर्ष है। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस के मुताबिक रात्रि करीब 2:45 बजे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के 7.7 किलोमीटर पर एक अज्ञात महिला का दुर्घटनाग्रस्त अवस्था में शव पड़ा होने की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची।मौके पर पहुंची पुलिस ने निरीक्षण किया तो महिला का शव क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा मिला। घटनास्थल से कुछ दूरी पर महिला की दोनों चप्पलें बरामद हुईं। हालांकि मौके से अन्य कोई वस्तु नहीं मिली। पुलिस द्वारा महिला की पहचान कराने के लिए आसपास के लोगों और संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ की लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी

एक नजर

भारत रक्षा दल की कार्यकारिणी बैठक संपन्न

लखनऊ। भारत रक्षा दल के केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक आज संगठन के केंद्रीय कार्यालय पूर्वीदिन खेड़ा पारा राजाजीपुरम में आयोजित हुई।बैठक की अध्यक्षता संगठन अध्यक्ष श्रीनिवास राष्ट्रवादी व संचालन सहायक महामंत्री कैप्टन सुरेन्द्र सिंह ने किया।बैठक में विगत तीन माह के कार्यक्रम की समीक्षा के साथ ही केंद्रीय कोषाध्यक्ष चित्रा द्विवेदी ने एक फरवरी से 31 अक्टूबर तक का आय व्यय का ब्यौरा रखा।इसी कड़ी में संगठन के मुख्य कार्य क्षेत्र पर्यावरण धर्म जागरण वरिष्ठ नागरिक जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाओ अभियान सामाजिक समरसता मातृशक्ति मजदूर किसान एवं सोशल मीडिया के प्रमुखों से अनुरोध किया गया कि वह अपने अपने अभियान समितियों की जल्द से बैठक बुलाकर इन सभी क्षेत्रों में कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करें।बैठक में सात नवंबर को दीपावली पर पहला दीया शहीदों के नाम कार्यक्रम शहीद स्मारक कैसरबाग में सायंकाल चार बजे आयोजित करने का निर्णय लिया गया।बैठक में डा तेजस्वी गोस्वामी नवीन चन्द्र श्रीवास्तव राकेश पाल प्रो निधी बाला सेफालिक अग्रवाल अनिला राय अखिलेश सिंह आर के कुशवाहा जीपी उपाध्याय प्रदीप कुमार भारती नवीन कुमार राय उपस्थित थे।

पुराने हाईकोर्ट में वृहद विधिक सहायता व सेवा शिविर आयोजित



लखनऊ। राजधानी के कैसरबाग स्थित पुराने हाईकोर्ट परिसर में आज राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं कार्यपालक अध्यक्ष व वरिष्ठ न्यायमूर्ति राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार मेगा व वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया।उक्त निर्देशों के अनुपालन में जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मलखान सिंह के निर्देशन में प्रभारी जिला न्यायाधीश जैनेन्द्र कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में दीप प्रज्जवलन एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण करके मेगा व बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का शुभारम्भ किया गया। उक्त आयोजन में प्रकाश तिवारी अपर जिला जज व नोडल अधिकारी राज बहादुर सिंह अपर जिलाधिकारी व नोडल अधिकारी कुँवर मित्रेश सिंह कुशवाहा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायिक अधिकारीगण कर्मचारीगण पराविधिक स्वयं सेवक नामिका अधिवक्ता लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के अधिवक्तागण आदि उपस्थित रहे।सचिव द्वारा बताया गया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के निर्बल एवं वचित वर्गों को विधिक सहायता के साथ-साथ विभिन्न विभागों जिनके अन्तर्गत निर्बल वर्ग, दिव्यांगजन, बच्चों, स्त्रियों, निर्धन वर्ग, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक तथा अनुसूचित जाति एव अनुसूचित जनजाति हेतु सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराना है।शिविर में विधिक परामर्श नि:शुल्क कानूनी सहायता लोक अदालत से सम्बन्धित जानकारी तथा अन्य आवश्यक सेवायें एक ही मंच पर उपलब्ध कराई गई।

श्रीराम सिंह बने भाजपा के वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ के सदस्य



लखनऊ,(आज समाचार सेवा)। भाजपा के वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ के सदस्य बनाये जाने पर उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का आभार जताया है। अपने वक्तव्य में श्री सिंह ने कहा कि 'वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ' में चयनित किये जाने के लिए मैं प्रदेश अध्यक्ष को धन्यवाद देते हुए उन्हें विश्वास दिलाते हुए कहा है कि वह पार्टी के सभी निर्देशों का अक्षरश: पालन कर 'भाजपा' को प्रदेश में उत्तरोत्तर शिखर पर ले जाने के लिए पूरे मनोयोग से प्रयास करेंगे।

सतविंदर सिंह ने हॉफमैराथन में लखनऊ को किया गौरवान्वित

लखनऊ। स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने, खेल और रनिंग संस्कृति को बढ़ावा देने एवं एकता और सामुदायिक भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से 1 नवंबर को झाँसी में एसबीआई हॉफमैराथन का आयोजन हुआ जिसमें लखनऊ निवासी एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष युवा स. सतविंदर सिंह ने प्रतिभाग कर इस 21.9 किलोमीटर की हॉफमैराथन को 2 घंटे 5 मिनट में पूर्ण कर लखनऊ को गौरवान्वित किया एवं आज के युवाओं को भी खेल फिटनेस और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। यह हॉफ मैराथन झाँसी के ऐतिहासिक झोकन बाग से प्रात: 5रू 30 बजे प्रारम्भ हुई जिसमें 300 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। सिंह की इस उपलब्धि पर एसबीआई द्वारा उन्हें मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

हरिद्वार से निकली संत रविदास सनातन संदेश यात्रा का राजधानी में स्वागत

लखनऊ। हरिद्वार से निकली संत रविदास सनातन संदेश यात्रा रविवार को लखनऊ पहुंची। हरिद्वार से काशी (वाराणसी) तक निकाली जा रही यह यात्रा 18 अक्टूबर को शुरू हुई थी। राजधानी के हजरतगंज चौराहे पर यात्रा का स्वागत किया गया। इसके बाद बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। यात्रा की अगुआई विश्वमहापीठ पीठाधीश्वर एवं महामंडलेश्वर संत संदीप खत्री रविदासाचार्य कर रहे हैं। इस दौरान संतों के विचारों और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। संदीप खत्री ने कहा, जो सनातन की बात करेगा, वही उत्तर प्रदेश में राज करेगा। महामंडलेश्वर संदीप खत्री ने कहा उन्होंने जाति-पाति, ऊंच-नीच और भेदभाव का कड़ा विरोध किया।

दिव्यांग कृत्रिम अंगों से लाभान्वित होकर आत्मनिर्भरता की राह पर



लखनऊ। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने आज यहां नारायण सेवा संस्थान के निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं कैलिपर्स फिटमेंट शिविर का उद्घाटन करते हुये कहा कि दिव्यांग कृत्रिम अंगों से लाभान्वित होकर आत्मनिर्भरता की राह पर बढ़ रहे है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि किसी बच्चे की मुस्कान छिनने से पूरे परिवार की मुस्कान खो जाती है। नारायण सेवा संस्थान दिव्यांगजनों और उनके परिजनों के चेहरों पर मुस्कान लौटाकर उन्हें नया जीवन देने का सराहनीय कार्य कर रहा है। गोमती नगर स्थित दयाल गेटवे होटल में आयोजित शिविर में इससे पहले उन्होंने लाभार्थियों से संवाद कर उनकी आपबीती सुनी और चिकित्सकों से कृत्रिम अंग फिटमेंट की प्रक्रिया जानी।

भाजपा लखनऊ महानगर की महिला एवं किसान मोर्चा की कार्यसमितियां घोषित

आज समाचार सेवा

लखनऊ,। भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर ने संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और विभिन्न मोर्चों की सक्रियता बढ़ाने के उद्देश्य से महिला मोर्चा एवं किसान मोर्चा की महानगर कार्यसमितियों की घोषणा कर दी है। भाजपा प्रदेश, क्षेत्रीय एवं भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की सहमति से महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष अर्चना साहू एवं किसान मोर्चा महानगर अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने अपनी-अपनी कार्यसमितियों की घोषणा की। यह जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी अनुराग साहू ने बताया कि महिला मोर्चा की 47 सदस्यीय कार्यसमिति में आठ जिला उपाध्यक्ष, तीन जिला महामंत्री, आठ जिला मंत्री सहित विभिन्न पदों पर महिलाओं को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं किसान मोर्चा की 47 सदस्यीय कार्यसमिति में भी जिला उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री सहित विभिन्न सांगठनिक पदों पर कार्यकर्ताओं को स्थान दिया गया है। महिला मोर्चा में जिला उपाध्यक्ष के पद पर सुधा सिंह, माया सिंह, ज्योति साहू, डॉ महिमा सिंह राठौर, मधु



महिला कार्य समिति में जिला मंत्री के रूप में रानी सिंह को दायित्व

चौधरी, सीमा श्रीवास्तव, कंचन मौर्या और शीला श्रीवास्तव को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला महामंत्री के पद पर नम्रता श्रीनेत, सुमिता तिवारी और हेमा डोबरियाल को नियुक्त किया गया है। **जिला मंत्री के रूप में** सीमा डिमरी, वंदना अस्थाना, पूनम सिंह, **रानी सिंह**, संगीता सैट्टी शिविता गोयल सुमन सिंह और पुष्पा सिंह को स्थान मिला है। इसी क्रम में भावना चौहान आर्या को जिला कोषाध्यक्ष, रेशमा निगम और शुभरानी को जिला सह कोषाध्यक्ष, गुड़िया निगम को जिला मीडिया संयोजक तथा शिखा श्रीवास्तव एवं दीप्ति गुप्ता को जिला मीडिया सहसंयोजक बनाया गया है। बिन्दु मिश्रा को जिला कार्यालय मंत्री तथा कीर्ति राठौर और राधा यादव को जिला सह कार्यालय मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। कार्यसमिति सदस्य के रूप में कान्ती लोधी, रजनी मिश्रा, ममता मिश्रा, माला सिंह, मनोरमा राजपूत, संतोष त्रिपाठी, प्रतिमा मिश्रा, संज्ञा शर्मा, जया पाण्डेय, सुनीता सिंह, सुनीता पाण्डेय और नमिता पाण्डेय को शामिल किया गया है। वहीं किसान मोर्चा की कार्यसमिति में जिला उपाध्यक्ष के पद पर रामकिशोर चौबे, शिव बरन शुक्ला, राजवीर सिंह, वीर बहादुर सिंह वीरू, अर्जुन लाल सोनकर, विपिन दुबे देवेन्द्र विक्रम सिंह एवं कृष्ण प्रताप सिंह को जिम्मेदारी दी गई है। जिला महामंत्री के पद पर आकाश बाजपेयी, संजीव कुमार सिंह एवं अर्जुन लोधी को नियुक्त किया गया है। जिला मंत्री के रूप में गोकर्ण रावत, दीपमाला सिंह, आशीष शर्मा, दीपेन्द्र यादव दीपु, सुनीता सिंह, अमित अवस्थी, प्रवीण श्रीवास्तव और लवलेश शर्मा को स्थान मिला है।

कमिश्नरेट पुलिस फेल,सस्ती हुई जिंदगी की कीमत

छह दिन में पांच हत्याएं, सआदतगंज से माल तक सरेराह बह रहा खून, दावों में उलझी पुलिस

लखनऊ। राजधानी लखनऊ अब सुरक्षित शहर नहीं रहा। यहां जिंदगी की कीमत सस्ती हो गई है और बदमाशों के हौसले आसमान पर है। कमिश्नरेट पुलिस की पूरी पुलिसिंग फेल हो चुकी है। माइक और सोशल मीडिया पर पर सुरक्षा का राग अलापने वाली पुलिस जमीन पर बदमाशों के सामने नतमस्तक है। आंकड़े नहीं, लाशें गवाही दे रही हैं। बीते छह दिनों में राजधानी में पांच सनसनीखेज हत्याएं हो चुकी हैं। हर हत्या पुलिस की गश्त, पिकेट और दावों के मुंह पर तमाचा है।शुरुआत सआदतगंज से हुई। यहां दिनदहाड़े पिता-पुत्र समेत तीन लोगों को बेखौफ बदमाशों ने गोलियों से भून दिया। तिहरा हत्याकांड। पूरे प्रदेश में सनसनी। पुलिस अभी इस तिहरे हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में ही उलझी थी, कि उसी सआदतगंज में रेहान नाम के युवक को चाकुओं से गोदकर मौत के घाट उतार दिया गया। मतलब साफ है, हत्यारों को पुलिस का कोई खौफ नहीं।शनिवार को वारदात का सेंटर माल थाना क्षेत्र बना। यहां नन्हके रावत नाम के अधेड़ व्यक्ति के सिर पर किसी भारी वस्तु से वार कर बेरहमी से हत्या कर दी गई। हत्या का तरीका बता रहा है कि बदमाशों में कानून का जरा भी डर नहीं बचा।सवाल बड़ा है। जब राजधानी में ही लोग सुरक्षित नहीं, तो बाकी जिलों का क्या हाल होगा? कमिश्नरेट सिस्टम लागू होने के बाद दावा किया गया था कि पुलिसिंग बेहतर होगी, रिस्पांस टाइम घटेगा, अपराध पर लगाम लगेगी। लेकिन हकीकत उलट है। थानों में फोर्स है, पीआरवी है, डायल 112 है, पर सड़क पर पुलिस नहीं है। शाम होते ही चौराहों से पुलिस गायब हो जाती है और उसी अंधेरे में बदमाश खून बहा रहे हैं। लोगों का कहना है कि पुलिस सिर्फ खानापूर्ति के लिए गश्त दिखती है।लगातार हो रही हत्याओं से आम आदमी सहमा हुआ है।सआदतगंज, माल जैसे इलाकों में लोग शाम ढलते ही घरों में दुबकने को मजबूर हैं। व्यापारियों में दहशत है।एक हफ्ते में पांच हत्याएं यह बताने के लिए काफी हैं कि अपराधियों के मन से पुलिस का इकबाल खत्म हो चुका है। तिहरे हत्याकांड के बाद दो और हत्याओं ने कमिश्नरेट के सुरक्षा के सारे दावों की पोल खोल दी है।अब देखना है कि पुलिस कब तक कागजों में अपराध कम दिखाती रहेगी और कब सड़क पर उतरकर बदमाशों पर शिकंजा कसेगी। फिलहाल तो लखनऊ की जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है।

सपा समर्थक मतदाताओं को दूरस्थ पोलिंग बूथ स्थानांतरित कर रहे डीएम

समाजवादी पार्टी ने की मुख्य निर्वाचन अधिकारी से शिकायत

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की है कि प्रदेश सरकार में मंत्री जयवीर सिंह व पूर्व मंत्री राम नरेश अग्निहोत्री के दबाव में जिलाधिकारी मैनपुरी द्वारा 108-भोगांव विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं को दबंगो विशेष कर क्षत्रिय समाज के वर्चस्व वाले गाँव में स्थित पोलिंग बूथों पर स्थानान्तरित किया जा रहा है। मैनपुरी जिलाधिकारी प्रदेश सरकार में मंत्री व बीजेपी के दबाव में समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं को निकटतम पोलिंग बूथों से हटाकर 3-4 कि0मी0 दूर किया जा रहा है। समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं को दबंगो विशेष कर क्षत्रिय समाज के वर्चस्व वाले गाँव में स्थित पोलिंग बूथों में स्थानान्तरण कर देने से दबंग क्षत्रिय समाज के लोगों द्वारा समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं को मतदान से रोका जायेगा। जिलाधिकारी मैनपुरी द्वारा समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं को 3-4किमी दूर के पोलिंग बूथ में स्थानान्तरण किये जाने के कारण गरीब, बृद्ध, महिला मतदाताओं को मतदान करने में कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। मैनपुरी के जिलाधिकारी द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पोलिंग बूथों के सम्भाजन, विभाजन, नवगठन के सम्बन्ध में जारी किये गये नियम एवं निर्देशों के विपरीत कार्य किया जा रहा है। मैनपुरी के जिलाधिकारी भा0 ज0पा0 को लाभ पहुँचाने की नियत से नियमों के विरूद्ध पोलिंग बूथों के सम्भाजन कर रहे है। मैनपुरी के जिलाधिकारी को तत्काल हटाया जाये और उनके द्वारा किये गये पोलिंग बूथों के सम्भाजन की कार्यवाही निरस्त की जाये। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश मंत्री जयवीर सिंह व पूर्व मंत्री राम नरेश अग्निहोत्री के दबाव में जिलाधिकारी मैनपुरी द्वारा 108-भोगांव विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं को दबंगो विशेष कर क्षत्रिय समाज के वर्चस्व वाले गाँव में स्थित पोलिंग बूथों पर स्थानान्तरित किया जा रहा है। मैनपुरी के जिलाधिकारी प्रदेश सरकार में मंत्री व भा0ज0पा0 के दबाव में समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं को उनके निकटतम पोलिंग बूथों से हटाकर 3-4 कि0मी0 दूर किया जा रहा है।